सावरियाँ आ जाता है

सांवरिया आ जाता है,
तुम दिल से पुकारो तो,
तुम दिल से पुकारो तो.....

खाटू का श्याम दातारी,
बाबा नीले का सवारी,
भक्तों की बिगड़ी बातें,
बाबा ने पल में सवारी,
तेरे पास आएगा,
तेरे प्रेम के वश होकर,
तेरा बन जाएगा,
तुम दिल से पुकारो तो....

जीवन की डोर बढ़ा दो,
बाबा को दुखड़े सुना दो,
शंका कोई जो तेरे मन में,
पहले उसे तुम हटा दो,
तुमको अपनाएगा,
तेरा प्रेमी बनकर ये,
तुझे गले लगाएगा,
तुम दिल से पुकारो तो....

बाबा ने थामी जो बाहें,
फूलों से महकेंगी राहें,
राधे जो श्याम श्याम जपते,
उनपे है श्याम की निगाहें,
सच है ये चोखानी,
तुझपे भी बाबा की,
होगी मेहरबानी,
तुम दिल से पुकारो तो....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25901/title/sanwariya-aa-jata-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |